तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 13 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 20 फरवरी 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

10 दहदहा स्कूल में बच्चों की नासमझी : प्रशासन की सख्ती और ...



12 शिवाजी महाराज की जयंती पर निकली शोभायात्रा, समाज में उल्लास



## खबर संक्षेप

### वार्षिक प्रायोगिक परीक्षाएं 23 फरवरी से

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में बीसीए भाग-2 एवं 3 तथा बीएससी (गणित) भाग-3 की वार्षिक प्रायोगिक परीक्षाएं 23 फरवरी से प्रारंभ होंगी। 23 फरवरी को बीसीए भाग-2 (प्रोग्रामिंग इन C ++), भाग-3 (जावा लैब) की परीक्षा होगी। 24 फरवरी को बीएससी गणित प्रोजेक्ट वर्क, बीसीए आईटी व पायथन तथा बीकॉम भाग-3 (वीबी एवं डीबीएमएस) की परीक्षा आयोजित होगी। 25 फरवरी को बीसीए डीबीएमएस एवं डॉट नेट लैब की परीक्षा संपन्न होगी। परीक्षार्थी निर्धारित समय से आधा घंटा पूर्व आवश्यक सामग्री सहित उपस्थित हों। अमहाविद्यालयीन छात्र फॉर्म की हार्ड कॉपी व शुल्क रसीद साथ लाएं।

### ऋण प्रकरण तैयार करने शिविर 20 को

**धमतरी।** कलेक्टर के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम अजय) अंतर्गत स्वरोजगार स्थापित करने के उद्देश्य से विशेष ऋण प्रकरण तैयार करने शिविर का आयोजन 20 फरवरी को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक ग्राम पंचायत भवन चटौद में होगा। इस योजना के तहत अनुसूचित जाति वर्ग के 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग के इच्छुक आवेदकों को स्वरोजगार हेतु न्यूनतम 1,00,000 रुपये तक का ऋण प्रदान किया जाएगा। इसमें 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 50,000 रुपये तक की अनुदान राशि का प्रावधान है।

वन्यजीवों की निगरानी रात में भी संभव, आगजनी की जानकारी जुटाने में सक्षम है ड्रोन

# शिकारियों और तस्करों की खैर नहीं, थर्मल ड्रोन से होगी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अब रात में भी टाइगर रिजर्व में वन्यजीवों की निगरानी संभव है। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के वन अमले को एक उन्नत तकनीक से लैस थर्मल कैमरा वाला ड्रोन मिला है। इस कैमरे की सहायता से न केवल रात में वन्य जीवों की निगरानी की जा सकेगी बल्कि आगजनी की सटीक जानकारी भी तत्काल जुटाई जा सकेगी।

लंबे समय से उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में थर्मल तकनीक से लैस ड्रोन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। वन अमले की यह मांग पूरी हो गई है। टाइगर रिजर्व क्षेत्र की निगरानी के लिए एक थर्मल ड्रोन मिला है। भविष्य में आवश्यकतानुसार ड्रोन की और व्यवस्था करने का आश्वासन भी मिला है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त ड्रोन उन्नत तकनीक से भरपूर है। ड्रोन मिलने से वन्य क्षेत्र में आगजनी की सही स्थिति का पता चल पाएगा। इससे वन विभाग की टीम आगजनी की रोकथाम समय पर कर सकेगी। इस ड्रोन का दूसरा उपयोग रात के वक्त वन्यजीवों की निगरानी में किया जा सकेगा। ड्रोन का थर्मल सेंसर वन्य जीवों के शरीर की गर्मी के आधार पर उनकी पिक्चर ले सकता है जिससे वन्य जीवों की गतिविधियों की सही जानकारी मिल पाएगी।



### एक उड़ान में ही 100 हेक्टेयर की मैपिंग

थर्मल ड्रोन को एक बैटरी से लगभग 40 मिनट तक उड़ाया जा सकता है। 5 किमी तक ड्रोन की रेंज है। यही नहीं ड्रोन से 500 मीटर दूर तक स्पष्ट जूम इन की सुविधा दी गई, इससे काफी दूर से क्लीयर फोटो, वीडियो लिए जा सकते हैं। इससे तस्करी व संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी में भी मदद मिलेगी। उक्त ड्रोन में लेजर फाइंडर भी है जो हर एक हाथी की प्रोफाईल जैसे जेंडर, हाइट, बिल्ट भी कर पाएगी। यह ड्रोन उन्नत डीजीपीएस तकनीक का प्लांट मैपिंग भी कर सकता है। 100 हेक्टयर भूमि की मैपिंग एक ही उड़ान से पूरी कर ली जाएगी। इससे क्षेत्र में कितने पेड़, गड्ढे आदि हैं, क्लीयर हो पाएगा।

### मछली तस्कर, शिकारियों पर लगेगी लगाम

सोंढूर डैम में लंबे समय से ओडिशा के मछली तस्कर सक्रिय हैं। अब तक इन तस्करों को रोकने में सफलता नहीं मिली है। ड्रोन की मदद से काफी उंचाई से क्लीयर फोटो और वीडियो लेने की क्षमता का उपयोग कर इन तस्करों को पकड़ा जा सकेगा। यही नहीं कई शिकारी रात में शिकार करते हैं। उन्हें भी इस थर्मल ड्रोन की मदद से पकड़ा जा सकेगा। खास बात यह है कि इस ड्रोन में टार्गेट को लॉक करने की सुविधा दी गई है। लॉक करने के बाद जैसे-जैसे टार्गेट अपना लोकेशन बदलेगा, ड्रोन भी उसी टार्गेट का पीछा करते हुए खुद ब खुद अपना लोकेशन बदल लेगा।

# मधुमक्खियों के झुंड ने किया हमला, पांच से अधिक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रूद्री रोड की घटना, एक की हालत गंभीर





रूद्री रोड से गुजर रहे राहगीरों पर अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। मधुमक्खियों के काटने से पांच से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह रूद्री रोड में सब कुछ सामान्य चल रहा था। लोग पैदल व अपने वाहनों से आवाजाही कर रहे थे। वहीं खेत पर स्थित बबूल पेड़ में मधुमक्खियों का छत्ता है। किसी कारणवश मधुमक्खियों ने अचानक आक्रामक होकर रूद्री रोड से गुजरने वालों पर हमला कर दिया। मधुमक्खियों के अचानक हुए हमले से वहां पर अफरातफरी मच गई। लोग इससे बचने के लिए अपने वाहन को छोड़ इधर-उधर भागने लगे। लोगों ने दुकानों व घरों में शरण ली। मधुमक्खियों ने जो भी सामने आया, उन पर हमला कर दिया। इस हमले में वहां से गुजर रहे रूद्री निवासी यशवंत सिदार गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें एक स्कूटी सवार ने उपचार के लिए तत्काल ओजस्वी नर्सिंग होम पहुंचाया गया। घायल को आईसीयू में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। इसी समय श्रीराम कॉलोनी निवासी विधन साहू उम्र 13 वर्ष साइकिल चलाते हुए आत्मानंद स्कूल गोकुलपुर जा रहा था। मधुमक्खियों ने छात्र पर भी हमला कर घायल कर दिया। सूचना मिलने पर उसके पिता मौके पर पहुंचे और छात्र को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। उसे शिशु वार्ड में भर्ती किया गया है। इस तरह बिफर चुकी मधुमक्खियों ने पांच से अधिक लोगों को घायल किया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और क्षेत्र को अस्थाई रूप से खाली कराकर लोगों को रूद्री मार्ग में आवागमन नहीं करने की चेतावनी दी। प्रशासन ने एहतियातन रूद्री रोड में दुलारी नगर के आसपास आवाजाही को बंद कराया।

### छत्तीसगढ़ सहकारी कर्मचारियों की प्रांतीय बैठक 22 को

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर एवं छत्तीसगढ़ धान खरीदी ऑपरेटर महासंघ की संयुक्त कार्यकारिणी की बैठक 22 फरवरी को दोपहर 12 बजे रायपुर के तुता बस्ती में आयोजित की जाएगी। बैठक में लंबित चार सूत्रीय मांगों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही आंदोलन के दौरान प्रदेश में बर्खास्त किए गए कर्मचारियों की बहाली एवं वेतन संबंधी मांगों को लेकर नई रणनीति तैयार की जाएगी। पदाधिकारियों का कहना है कि मांगों को लेकर पिछले तीन माह से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री, सचिव और संबंधित अधिकारियों से मौखिक एवं लिखित रूप से कई बार मुलाकात की, लेकिन अब तक कोई ठोस परिणाम नहीं निकला है। किसानों की धान खरीदी को प्रभावित न करने के उद्देश्य से 19 दिन बाद शासन से सकारात्मक चर्चा और आश्वासन मिलने पर आंदोलन स्थगित कर कर्मचारी काम पर लौट आए थे। इसके बावजूद अब तक मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है, जिससे हजारों कर्मचारियों और उनके परिवारों में असंतोष व्याप्त है। बैठक में धमतरी जिले के प्रदेश पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी जिला कार्यवाहक अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कुमार साहू ने दी।

# भूगोल, भौतिकशास्त्र के पर्चे के साथ आज से 12वीं की परीक्षा शुरू

- 10वीं की परीक्षा 21 फरवरी से, शिक्षा विभाग की तैयारी पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

आज से बोर्ड परीक्षा शुरू हो रही है। पहले दिन कक्षा बारहवी के छात्र भूगोल का पर्चा हल करेंगे। इसके बाद शनिवार को दसवीं के छात्र हिन्दी की परीक्षा देंगे। 12 वीं बोर्ड परीक्षा 18 मार्च को समाप्त होगी।

जिला शिक्षा कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा 20 फरवरी से शुरू हो रही है। पहले दिन भूगोल, भौतिक शास्त्र की परीक्षा होगी। इसके लिए 83 सेंटर बनाए गए हैं। 10वीं की परीक्षा 21 फरवरी से शुरू होगी। इस परीक्षा में 10683 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसके लिए 85 सेंटर बनाए गए हैं। शिक्षा विभाग द्वारा परीक्षा की पूरी तैयारी कर ली गई है। उत्तर पुस्तिका के साथ प्रश्नपत्र का वितरण किया जा चुका है। जिला स्तर पर 16 उड़नदस्ता टीम बनाई गई है जिसमें दो-दो अधिकारी मौजूद रहेंगे। शिक्षा विभाग की 2 टीम बनेगी। इसके अलावा विकासखंड स्तर पर चार टीम बनाई गई है। इसमें 4-4 अधिकारी रहेंगे। परीक्षा के लिए दो नए केंद्र रिसगांव, कोसमर्रा स्कूल को बनाया गया है। परीक्षा सुबह 9 बजे से 12.15 बजे तक ली जाएगी।



## खबर संक्षेप

### बाइक को मारी टक्कर आरोपी पर मामला दर्ज

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत अंतागढ़ के मद्रासीचौक के पास सड़क दुर्घटना की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। लामकन्हार निवासी 23 वर्षीय सबल सिंह दुग्गा पिता लखमूराम ने पुलिस को बताया कि 17 फरवरी को शाम साढ़े 6 बजें आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 10 बीटी 9490 का चालक अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मोटर सायकल को ठोकर मार दिया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 125 (ए), 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### गोटुलमुंडा में 2 मार्च को मड़ई का आयोजन

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम गोटुलमुंडा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 2 मार्च को मड़ई का आयोजन होगा। रात्रिकालीन सांस्कृतिक प्रस्तुति होगी, जिसमें ग्राम होच्चेटोला भुईयां के कलाकारों द्वारा आकर्षक एवं पारंपरिक लोकनृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। गायता राजेंद्र पुड़ों एवं पटेल मुकेश पुड़ो उपसरपंच धनीराम पद्माकर, बल्दूराम दर्रो, अर्जुन टेकाम एवं ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि देव मड़ई में आसपास के गांवों से बैगा, पुजारी तथा विभिन्न देवी-देवताओं की पारंपरिक उपस्थिति रहेगी।

### मानव श्रृंखला बनाई व दी परीक्षर्थियों को शुभकामाएं

**कांकेर।** प्रयास आवासीय विद्यालय कांकेर के छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं से पूर्व परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं देने के उद्देश्य से मानव श्रृंखला बनाकर उत्साहवर्धन किया। विद्यार्थियों ने एकजुटता का संदेश देते हुए सफल एवं तनावमुक्त परीक्षा की कामना की। विद्यालय परिसर में आयोजित इस पहल को शिक्षकों और अभिभावकों ने सराहा।

### लापरवाह हाईवा चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**कांकेर।** ताड़ोकी थानांतर्गत ग्राम मांझीपारा मंगला साल्हेभाट के पास आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 08 बीबी 7358 के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 9 फरवरी को शाम सवा 5 बजें आरोपी हाईवा वाहन क्रमांक सीजी 08 बीबी 7358 के चालक ने अपनी वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट किया। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## निधन

### उमेश कुमार साहू



**अंवरी।** ग्राम अंवरी निवासी खिलावन साहू के पुत्र उमेश कुमार साहू का आकस्मिक निधन 18 फरवरी बुधवार को हो गया। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार गए। उनके अंतिम संस्कार में थम्मन साहू, भुनेश्वर साहू, डिगेश्वर साहू, रामेश्वर साहू, तुलाराम साहू, पोषण साहू, हेमन्त साहू, उदयप्रताप साहू, थानेश्वर साहू, जनक साहू समेत बड़ी संख्या में समाजजन एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।

---

**जांच में हुआ स्पष्ट :** यह घटना किसी नशे, अंधविश्वास या काले जादू का परिणाम नहीं

# दहदहा स्कूल में बच्चों की नासमझी : प्रशासन की सख्ती और काउंसिलिंग से सुधरे हालात

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



धमतरी जिले के दहदहा मिडिल स्कूल में बच्चों द्वारा स्वयं को घायल करने की घटना ने पूरे क्षेत्र को चिंता में डाल दिया है। कक्षा 6वीं से 8वीं तक के लगभग 35 छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे की देखादेखी में आकर सेफ्टीपिन और नुकीली वस्तु से अपनी कलाइयों पर चोट पहुंचाई थी। शुरुआत में इस मामले को दबाने की कोशिश की गई, लेकिन एक जागरूक पिता की सजगता से यह सच सामने आ पाया।

मामला उजागर होते ही जिला प्रशासन ने तत्परता दिखाई और मेडिकल टीम भेजकर बच्चों की सघन काउंसलिंग कराई। जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि यह घटना किसी नशे, अंधविश्वास या काले जादू का परिणाम नहीं थी, बल्कि किशोरावस्था की एक गलत नकल करने की प्रवृत्ति थी। वर्तमान में सभी बच्चे शारीरिक और मानसिक रूप से सुरक्षित पाए गए हैं और उनके घाव अब लगभग भरने लगे है।

प्रशासन ने इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए स्कूल के प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए अब स्कूल में नियमित रूप से जीवन-कौशल, नैतिक शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम चलाने का निर्णय लिया गया है। फिलहाल स्कूल का वातावरण सामान्य है और पढ़ाई सुचारू रूप से चल रही है।

**सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता**

*विद्यार्थियों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। वर्तमान में स्कूल का वातावरण पूरी तरह सामान्य है और शैक्षणिक गतिविधियां सुचारू रूप से चल रही हैं।*

*- अभय जायसवाल, जिला शिक्षा अधिकारी*

## जनपद सभापति ने परीक्षा की तैयारियों का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

शासकीय हाईस्कूल भैसमुंडी में बोर्ड परीक्षा की तैयारी अंतिम चरण पर है। परीक्षा की तैयारी को लेकर शकुंतला देवांगन सभापति जनपद पंचायत कुरूद बीते दिनों स्कूल पहुंची। उन्होंने परीक्षा को लेकर सभी विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि परीक्षाफल आपकी मेहनत और प्रयासों का ही परिणाम है। इससे डरे या घबराएं नहीं। अच्छे से मन लगाकर पढ़ाई करें और अधिक से अधिक सीखने में ध्यान दें। जीवन में किसी भी चीजों को प्राप्त करने के लिए उनका अध्ययन कर उसे सीखना जरूरी होता है। मौके पर रूपचंद देवांगन, प्राचार्य आरके टांडे, व्याख्याता लोकपाल साहू, पूर्णिमा लहरे, मंजूषा बंजारे, अध्यक्ष देवलाल साहू, डॉ भानू साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

## खैरझिटी के प्रमोद का सीआरपीएफ में चयन

- गांव में विदाई समारोह आयोजित कर जवान को ट्रेनिंग के लिए किया विदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



मगरलोड विकासखंड के ग्राम खैरझिटी मधुबन निवासी प्रमोद साहू पिता त्रिलोचन साहू का केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में चयन होने पर ग्रामीणों में खुशी की लहर है। युवक को ट्रेनिंग के लिए रवाना करने से पहले गांव में एक विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान ढोल-नगाड़े के साथ युवक को विदाई दी गई। तिलक लगाकर आशीर्वाद दिया। युवाओं ने फूलमाला से उसका स्वागत किया।

सरपंच जयनारायण साहू ने बताया कि ग्रामीण परिवेश से आने वाले प्रमोद ने सीमित संसाधनों के बावजूद कड़ी मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल यह मुकाम हासिल किया है। युवक की इस सफलता ने गांव के अन्य युवाओं को भी देश सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है।

मौके पर उपसरपंच लेखन साहू, अशोक ध्रुव, घेवरचंद साहू, बिसरू साहू, लच्छन साहू, सलेन्द्र साहू, डायमंड ध्रुव, मोहन साहू, ओंकार साहू, इंद्रकुमार यादव, शत्रुघन साहू, महेन्द्र साहू, प्रकाश साहू, युवराज साहू, रामभजन साहू, तोरण साहू, मोती साहू, पूरन साहू, नारायण साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

# जी-राम-जी अधिनियम से मजदूरों को मिलेगा लाभ : अरूण

- जिला पंचायत ने जपं के सभाकक्ष में जी-राम-जी अधिनियम पत्रिका का किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजना विकसित भारत की रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण 2025 पत्रिका का जनपद पंचायत के सभाकक्ष में विमोचन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जी-राम-जी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रोजगार गारंटी योजना है। योजना के सफल क्रियान्वयन से मजदूरों को लाभ मिलेगा। ग्रामीणों की खुशहाली और समृद्धि के नए द्वार खोलेगा। प्रत्येक ग्रामीण परिवार को हर वर्ष अब 125 दिनों तक रोजगार मिलेगा। कृषि कार्य के दौरान मनरेगा कार्य को 60 दिन तक रोका जा सकता है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने यह भी कहा कि समय पर श्रमिकों को कार्य नहीं दे पाने की स्थिति में अनिवार्य रूप से बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। जी राम जी योजना के अधिनियम के तहत सप्ताह या 15 दिवस के अंदर मजदूरी का भुगतान होगा। ग्राम स्तर पर निर्णय लेकर योजना के तहत ग्राम सभा में अनुमोदन कर कार्य दिलाने की जिम्मेदारी दी गई है।

इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति मीना साहू, सभी जनपद सदस्य, 66 ग्राम पंचायत के सरपंच, जन प्रतिनिधिगण, सीईओ दिव्या ठाकुर, पंचायत निरीक्षक दीपक भीमगंज, पीओ योगी, लेखापाल मुकेश पटेला सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## इयर ऑफ द स्टूडेंट किरण, ओगेश्वर चुने गए



- हाईस्कूल तुमड़ीबहार में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ दसवीं के छात्रों को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

शासकीय हाईस्कूल तुमड़ीबाहर में कक्षा 10 दसवीं के छात्रों को विदाई दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओसित कौशल थे। अध्यक्षता डीके यादव सभापति ग्राम पंचायत ठेनही ने की। मुख्य अतिथि श्री कौशल ने हमेशा उत्तरोत्तर विकास के लिए आशीर्वाद स्वरुप शिक्षा को महत्वपूर्ण बताया। डीके यादव ने कहा कि शिक्षा ही इंसान का सर्वांगीण विकास करती है। उन्होंने कक्षा दसवीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र को 5001 रूपये एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 3100 की राशि व प्रतीक चिन्ह प्रदान करने की घोषणा की। डीके यादव ने सांकरा परीक्षा केंद्र तक नहीं पहुंच वाले छात्रों को विशेष सहयोग देने की बात कही। इयर ऑफ द स्टूडेंट बालिका वर्ग से किरण मरकाम एवं बालक वर्ग से ओगेश्वर चुने गए। कक्षा दसवीं की ओर से नवमी की छात्रों को दीपदान दिया गया। छात्रा किरण, ओकेश नेताम, रीना नेताम ने कहा कि शत-प्रतिशत अंक लाना हमारा लक्ष्य है। मौके पर विद्यालय के व्याख्याता नंदनी ठाकुर, डीगेश्वरी साहू, महेश्वरी साहू, टोकेश्वर सिन्हा, पुष्प दास मानिकपुरी, अक्षय जैन समेत नवमी के छात्र छात्राएं सहित शाला स्टाफ उपस्थित रहा।

## ब्रम्हाकुमारी संस्थान ने मनाई शिव जयंती

- शिव परमात्मा को याद करने से जीवन का अंधकार समाप्त होगा : ज्योति

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)





महाशिवरात्रि के अवसर पर तपस्या भवन भखारा में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा 90वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती ज्योति जैन नगर पंचायत अध्यक्ष भखारा-भठेली, मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोष विश्वकर्मा, पार्षद श्रीमती खेमलता साहू, हितेंद्र साहू, हेमनारायण सिंह गौर सेवानिवृत्त शिक्षक, जितेंद्र संचालक भारतीय संस्कृति विद्यालय, दुलार सिन्हा समाजसेवी, गिरिराज सोन, जितेंद्र साहू, श्रीमती सुशीला निर्मलकर पूर्व पार्षद एवं शिक्षिका उषा साहू थे।

तपस्या भवन सेंटर की उपसंचालिका बीके योगेश्वरी ने महाशिवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए शिव को निराकार, ज्योति बिंदु स्वरूप परमात्मा के रूप में स्मरण करने का संदेश दिया। दुलार सिन्हा ने कहा कि संस्था अपने आप में अलौकिक है। यहां आकर मन को बड़ी शांति महसूस होती है। नारायण सिंह गौर ने दादा लेखराज द्वारा संस्था की स्थापना व गुणों का वर्णन किया। श्रीमती खेमलता साहू, हितेंद्र साहू, जितेंद्र साहू ने महाशिवरात्रि के महत्व पर प्रकाश डाला। बीके ईश्वरी ने संस्था की स्थापना और गीता ज्ञान के रहस्य के बारे में बताया। मुख्य अतिथि श्रीमती जैन ने कहा कि सच्ची शिवरात्रि आत्मिक ज्ञान और गुणों को धारण करने से मनाई जाती है। जिस प्रकार शिवलिंग के ऊपर पंचामृत चढ़ाते हैं, उसी प्रकार हम स्वयं को ज्ञान और गुणों को धारण कर सच्ची शिवरात्रि मनाएं। जब हम शिवरात्रि के अर्थ को समझ कर शिव परमात्मा को निराकार रूप में याद करेंगे तो हमारे जीवन का अंधकार समाप्त होगा और एक दिन नहीं हर दिन शिवरात्रि होगी।

आभार प्रदर्शन डॉ. संतोष बनपेला ने किया।

---

## अंचल की खबरें

### गुजरा में शिव महापुराण की कथा उमड़े श्रद्धालु



**धमतरी।** ग्राम पंचायत गुजरा में ग्रामवासियों एवं सियाराम सनातन सेवा समिति द्वारा शिवमहापुराण कथा का आयोजन किया गया। कथावाचक स्वामी नंदाचार्य महाराज ने भगवान शिव की कथा सुनाई। शिव महापुराण सुनने लेखराम साहू पूर्व विधायक कुरूद एवं राष्ट्रीय समन्वयक पिछड़ा वर्ग नई दिल्ली, गोविंद साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य, अमरदीप साहू, द्विजराम साहू शामिल हुए। इस अवसर पर लेखराम साहू ने कथा सुनने के बाद सभा को संबोधित करते हुए कहा कि शिवमहापुराण की कथा सुनने से जीवन में शांति का अनुभव होता है। विचार सकारात्मक रहता है। उन्होंने भोलेनाथ से क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि की कामना की।

### बीएसएफ में चयनित खुशबू का शाला परिवार ने किया सम्मान



**मगरलोड।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहंदी के पूर्व छात्र खुशबू निषाद पिता सुंदरलाल निषाद ग्राम राजपुर का एसएससी जीडी कांस्टेबल बीएसएफ में चयन हुआ है। चयन होने पर विद्यालय स्टाफ ने श्रीफल भेंटकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता उर्मिला ध्रुव, डोमन दास नवरंगे, दौलत कुमार देवांगन, नरेन्द्र कुमार घरडे,, रामकिशुन नेताम, धनंजय ठाकुर, कीर्ति सेन, सुमन महोबिया, ऊषा देशमुख, फाल्गुनी चंद्राकर उपस्थित थे।

### महाशिवरात्रि पर चोरभट्ठी में हुआ गायत्री यज्ञ



**बगदेही (धमतरी)।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर ग्राम चोरभट्ठी के आदर्श शिव चौक में शिव भोले बाबा के बारातियों एवं ग्रामवासियों द्वारा 9 कुंडीय गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अवसर पर तीन दिवसीय भोजन प्रसादी भंडारा भी रखा गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यह आयोजन पूरे श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। यह जानकारी कलीराम साहू, उत्तम साहू, टीकू ध्रुवंशी एवं रामस्वरूप साहू ने दी।

### जीजामगांव में चावल उत्सव मनाया गया



**जीजामगांव।** छत्तीसगढ़ में चावल उत्सव मनाया जा रहा है। फरवरी माह में राशनकार्डधारी परिवारों को फरवरी और मार्च महीने का चावल एक साथ दिया जा रहा है। जीजामगांव की राशन दुकानों में चावल का वितरण निगरानी समिति की मौजूदगी में किया गया। हर लाभार्थी को ई-पॉस मशीन से बायोमैट्रिक पहचान के बाद ही चावल दिया गया। चावल की पावती रसीद भी अनिवार्य रूप से दी गई। चावल उत्सव में जनप्रतिनिधियों और हितग्राहियों की मौजूदगी रही। एकमुश्त चावल मिलने से राशन कार्डधारकों के चेहरे पर खुशी दिखी। लोग उत्साह से चावल लेने पहुंच रहे। चावल उत्सव के दौरान सरपंच देवचरण चंद्राकर मौजूद रहे।

### बैंकिंग विद्यार्थियों को इंटर्नशिप सर्टिफिकेट मिला



**धमतरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देमार में व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत बैंकिंग विषय में अध्यनरत कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों का पंजाब एंड सिंध बैंक धमतरी, छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक शाखा अर्जुनी में दस दिवसीय इंटर्नशिप कार्यक्रम आयोजित किया गया था। विद्यार्थियों ने विभिन्न संस्थाओं में बैंकिंग गतिविधियों की सैद्धांतिक और प्रायोगिक जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों को संस्था के प्राचार्य डीएन साहू की उपस्थिति में व्यावसायिक प्रशिक्षक दीपशिखा तिवारी ने इंटर्नशिप प्रमाण-पत्र प्रदान किया।


**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-आमदी तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.)**

**// सूचना पत्र //**

प्रति,
1. अजय शर्मा पि. बिसम्बर शर्मा
2. मनभा, पूर्णिमा, सुंदरिया, लता, मनटोरा पि. कुलंजन
3. शैलेन्द्र पि. लक्ष्मीनारायण
4. सर्वसाधारण

विषय :- सीमांकन की सूचना बाबत्।

---000---

आपको सूचित किया जाता है कि ग्राम लोहरसी प.ह.नं. 29 रा.नि.म.-आमदी तहसील व जिला-धमतरी में स्थित भूमि खसरा नंबर 1622/2 रकबा 0.064 हे. का आवेदक अजय शर्मा पिता बिसम्बर शर्मा निवासी लोहरसी के आवेदन पर श्रीमान तहसीलदार धमतरी के आदेश दिनांक 12/12/2025 के अनुसार सीमांकन दिनांक 23/02/2026 को दिन सोमवार समय 12.00 बजे मेरे द्वारा किया जाना है।

अतः आप सीमावर्ती भूमि स्वामी होने के कारण सीमांकन के समय स्थल पर मय दस्तावेज के साथ उपस्थित रहें। समय पश्चात् आपत्ति ग्रहण नहीं की जावेगी।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.म. आमदी

**न्यायालय नजूल अधिकारी धमतरी के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202602130300051**

विषयः-अ-6 मामले की श्रेणीः-राजस्व
सनः-2025-2026

धमतरी प.ह.नं. 00033 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण :-
आवेदक पक्षकार - जोहत राम साहू,
अनावेदक पक्षकार - परसराम वगैरह,

**ईश्तहार**

आवेदक जोहत राम साहू पिता भगवानी राम साहू, निवासी-शीतलापारा वार्ड धमतरी, तहसील व जिला धमतरी के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला हटकेशर वार्ड धमतरी, तहसील व जिला-धमतरी में नजूल शीट क्रमांक 09, भूखण्ड क्रमांक 46/3, क्षेत्रफल 166.00 वर्गमीटर, भू-भाटक 54.00 रू., जो पट्टा धारक परसराम, मीना, लक्ष्मी पिता ठाकुरराम, रमशीला बेवा ठाकुरराम के नाम पर दर्ज एवं स्थित है। उक्त वर्णित भूखण्ड के धारक/सहधारकगण द्वारा शीट 09, भूखण्ड क्रमांक 46/3, क्षेत्रफल 166.00 वर्गमीटर की भूमि को आवेदक/क्रेता जोहत राम साहू पिता भगवानी राम साहू के पक्ष में दिनांक 23/01/2026 के माध्यम से पंजीकृत बिक्रीनामा निष्पादित किया गया है। उक्त उपरोक्त पंजीकृत बिक्रीनामा के आधार पर उक्त भूखण्ड पर से धारक/विक्रेता का नाम विलोपित कर क्रेता/आवेदक का नाम अभिलेख में दर्ज करते हुए नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति पेश करना हो तो नियत सुनवाई दिनांक 06.03.2026 तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत सुनवाई तिथि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16/02/2026 को जारी किया जाता है।

Mr. Pawan Kumar Premi
नजूल अधिकारी
धमतरी


---

**भजन कीर्तन के साथ शिव-पार्वती विवाह की झांकी निकाली, भक्तों को रुद्राक्ष वितरित**

# महाशिवरात्रि पर सवा लाख पार्थिव शिवलिंग बनाकर किया रुद्राभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)



ग्राम गुजरा में सप्त दिवसीय संगीतमय शिव महापुराण कथा का आयोजन बाजार चौक में किया जा रहा है। महाशिवरात्रि पर्व पर सवा लाख पार्थिव शिवलिंग बनाकर रुद्राभिषेक किया गया। पार्थिव शिवलिंग बनाने के लिए नदी और तालाब की पवित्र मिट्टी लाई गई थी। पार्थिव शिवलिंग बनाने के लिए सैकड़ों शिव भक्त थे। पार्थिव शिवलिंग बनाने का कार्यक्रम सुबह से प्रारंभ होकर रात्रि 12 बजे तक चला। महाशिवरात्रि पर्व पर ग्राम पंचायत गुजरा शिव की भक्ति में लीन हो गया था। भजन कीर्तन के साथ भगवान शिव और पार्वती विवाह की झांकी भी निकाली गई। पूजा उपरांत बाजे-गाजे के साथ ज्योति कलश के साथ सवा लाख पार्थिव शिवलिंग की विसर्जन झांकी निकाली गई। हजारों शिव भक्तों ने पार्थिव शिवलिंग को अपने शीश पर धारण कर पूरे गांव का भ्रमण किया। सवा लाख पार्थिव शिवलिंग को गांव का भ्रमण कराकर शीतला मंदिर के पास स्थित तालाब में विसर्जन किया गया।

शिव भक्तों को ज्योतिषाचार्य सुनील तिवारी द्वारा रुद्राक्ष का वितरण किया। उन्होंने बताया कि रुद्राक्ष की उत्पत्ति भगवान शिव के हृदय से हुई है। जो भी व्यक्ति प्रतिष्ठित रुद्राक्ष को धारण करता है वह भगवान भोलेनाथ के हृदय में निवास करते हैं। उनके ऊपर भगवान शिव जी की कृपा होती है। संसार के सभी कष्ट भोलेनाथ की कृपा से दूर हो जाते हैं। असाध्य रोग, तंत्र बाधा, नजर दोष, कार्य में रुकावट विवाह में बाधा रुद्राक्ष को धारण करने से दूर हो जाते हैं।

कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती दुर्गेश्वरी साहू, जनपद सदस्य श्रीमती फागेश्वरी साहू,पूर्व जिला पंचायत सदस्य अमरदीप साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य गोविंद साहू ,ग्राम पटेल नंदलाल साहू, अशोक साहू, द्विज राम साहू, पूर्व विधायक प्रतिनिधि गौकरण साहू,, दयाराम साहू, अश्वा साहू, मुकुंद साहू, सुरेंद्र तिवारी समेत हजारों शिव भक्त उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### बकली में महाशिवरात्रि पर हुआ रुद्राभिषेक



**सिर्री।** बोल बम महिला सेवा समिति बकली द्वारा महाशिवरात्रि पर रुद्राभिषेक कर प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में समिति के सदस्यों और ग्रामीणजनों का सहयोग रहा। यह जानकारी घनश्याम साहू ने दी।

### छात्रों ने खीर, पूड़ी व जलेबी का लिया आनंद



**सिर्री।** शासकीय प्राथमिक शाला व शासकीय माध्यमिक शाला बकली में स्व. कार्तिकराम साहू की स्मृति में पुत्र डा प्रीतम साहू, श्रीमती परमिला साहू द्वारा न्योता भोज के रूप में खीर, पूड़ी व जलेबी का वितरण किया गया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं सहित स्टाफ उपस्थित रहा।

### मौरीखुर्द में मना वजन त्योहार



**मगरलोड।** आंगनबाड़ी केन्द्र मौरीखुर्द सेक्टर नारी परियोजना कुरूद में वजन त्योहार का आयोजन किया गया जिसमें 55 से 60 बच्चों का वजन, ऊंचाई का मापन किया गया। ग्राम की गर्भवती, शिशुवती महिला 1 माह से 6 वर्ष के बच्चों का वजन व ऊंचाई मापी गई। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रीति साहू, सहायिका वीणा साहू, सरपंच डीलन चंद्राकर, रामभरोसा साहू, हेमंत साहू, लिकेश्वर साहू, पंच छबीला साहू, द्रौपदी साहू, अन्नू साहू, पुष्पा साहू, दुर्गा साहू, लता साहू व सोहद्रा निषाद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद थी।

### चिंवरी में अटल समरसता भवन का हुआ भूमिपूजन



**सिर्री।** मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना 2025-26 अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति हुई। इसी तारतम्य में विधायक अजय चंद्राकर की अनुशंसा एवं गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत के प्रयास से कुरूद विकासखंड के ग्राम चिंवरी में अटल समरसता भवन के लिए 15 लाख की स्वीकृति हुई है। भूमिपूजन गौकरण साहू ने किया। सरपंच संजीत कुमार साहू ने बताया कि गांव में विभिन्न सामाजिक धार्मिक कार्यों के क्रियान्वयन में समरसता भवन की आवश्यकता थी। अब समरसता भवन के निर्माण से ग्रामीणों को काफी हद तक सुविधा मिल पाएगी। इस अवसर पर सचिव उपेंद्र कुमार, सरपंच संजीत कुमार साहू, उपसरपंच भोलाराम साहू, रामदेव साहू पंच, संतोष वर्मा पंच, मोतीराम निषाद पंच सहित ग्रामीणों में ललित कुमार साहू, देवेंद्र निर्मलकर, मल्लू राम, शंकर लाल, गोवर्धन साहू, भागीरथी साहू, चिंताराम, लखनलाल, महेश साहू, रवि कुमार, सरोज साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

### पैरों और कमर से अक्षम चन्द्रहास को मिली ट्राइसाइकिल



**अंवरी।** समाज कल्याण विभाग की पहल एवं कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में पैरों और कमर से अक्षम चंद्रहास पिता कुंदन साहू को ट्राइसाइकिल प्रदान की गई। विगत कुछ समय पहले दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण उनके पैरों में तकलीफ हो गई थी जिसके चलते उन्हें आने- जाने में परेशानी हो रही थी। इस कार्य में हरख जैन का विशेष प्रयास रहा। कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सांसद भोजराज नाग, नगर पंचायत भखारा अध्यक्ष ज्योति जैन, समाज कल्याण उप संचालक डॉ. मनीषा पाण्डेय, आमदी नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति साहू सहित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में चंद्रहास को ट्राइसाइकिल प्रदान की गई। ट्रायसाइकिल मिलने से चंद्रहास के आवागमन में आसानी होगी और वह आत्मनिर्भरता की ओर एक कदम और बढ़ सकेगा। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि शासन की योजनाओं का उद्देश्य जरूरतमंदों तक सीधा लाभ पहुंचाना है, ताकि वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें। ट्राइसाइकिल पाकर चंद्रहास के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। उन्होंने शासन के इस संवेदनशील कार्य के प्रति संतोष जताया।

### आमगांव में नवीन बाजार रोड का उद्घाटन



**नगरी।** ग्राम पंचायत आमगांव में निर्मित नवीन बाजार रोड का उद्घाटन हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कमलता मरकाम सरपंच ने की। विशिष्ट अतिथिय गरिमा नेताम जिला पंचायत सदस्य, कैलाशनाथ प्रजापति उपाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिहावा, अकबर खान अध्यक्ष ग्राम विकास समिति आमगांव, भुनेन्द्र कुमार ध्रुव उपसरपंच, वीरेन्द्र नेताम सचिव, शालिकराम सोटी पंच, गोविन्द राठौर सचिव ग्राम पंचायत थे। ग्राम पंचायत आमगांव द्वारा निर्मित यह नवीन बाजार रोड क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे आवागमन सुगम होगा तथा ग्रामीणों को बेहतर सुविधा प्राप्त होगी।

28 फरवरी आखिरी तारीख, 96 प्रतिशत श्रमिकों का हो चुका है सत्यापन

# धमतरी जिले के मनरेगा मजदूरों की ई-केवाईसी अंतिम चरण पर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



मनरेगा श्रमिकों की ई-केवाईसी की अंतिम तिथि 28 फरवरी है। जिले में 96 प्रतिशत श्रमिकों की ई-केवाईसी की जा चुकी है। समय सीमा के अंदर ई-केवाईसी नहीं होने पर मजदूरी रुक सकती है और कार्य भी रद्द हो सकता है।

मनरेगा का नाम बदलकर वीबी जी-राम-जी कर दिया गया है। इसकी खास बात यह है कि इसमें पंजीकृत मजदूरों की उपस्थिति कार्यस्थल पर फेस डिटेक्शन के माध्यम से दर्ज की जाएगी। इसके लिए ई-केवाईसी अनिवार्य है। उल्लेखनीय है कि मनरेगा मजदूरों की ई-केवाईसी पिछले 4 माह से चल रही है। यह कार्य रोजगार सहायकों के माध्यम से किया जा रहा है।

फर्जी हाजिरी पर लगेगी लगाम

मनरेगा श्रमिकों की ई-केवाईसी से फर्जी हाजिरी रूकने की उम्मीद है। यह प्रक्रिया कई स्तर पर पारदर्शिता सुनिश्चित करती है। पंजीकृत श्रमिकों का आधार, खाता, चेहरा से संयुक्त सत्यापन सुनिश्चित करता है। केवल वास्तविक, सत्यापित श्रमिक ही योजना के तहत पंजीकृत है जिससे फर्जी नाम पर रोक लगती है। मजदूरी का भुगतान श्रमिकों के आधार लिंक्ड बैंक खातों में होगा। इससे बिचौलियों की भूमिका खत्म हो जाएगी। श्रमिकों की हाजिरी मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से ली जाएगी, जिसमें कार्यस्थल की जियो टैगिंग और समय की मुहर भौतिक उपस्थिति को डिजिटल रूप से सत्यापित करेगी।ई-केवाईसी डेटा को विभिन्न सरकारी डेटा बेस के साथ क्रॉस चेक किया जाएगा जिससे डुप्लीकेट पंजीकरण की संभावना समाप्त हो जाएगी।

**जिले में 2,81,094 मनरेगा श्रमिक**

प्रदेशभर में मनरेगा मजदूरों की ई-केवाईसी कराने में धमतरी जिला अव्वल है। परियोजनाधिकारी धरमसिंह ने बताया कि धमतरी जिले में मनरेगा श्रमिकों की कुल संख्या 2,81,094 है, जिसमें से 269934 श्रमिकों की ई-केवाईसी की जा चुकी है। 96.04 प्रतिशत के साथ धमतरी मनरेगा श्रमिकों की ई-केवाईसी करने में प्रदेश में प्रथम स्थान पर है।

## 10 राज्यों के अधिकारियों ने सांकरा में संचालित योजनाओं को परखा



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम पंचायत सांकरा में गुरुवार को अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। देश के 10 राज्यों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) एवं विकासखंड अधिकारी (बीडीओ) ने जनपद पंचायत नगरी के अधिकारियों के साथ पंचायत क्षेत्र का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने पंचायत में संचालित विभिन्न विकास कार्यों का जायजा लिया और योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी प्राप्त की प्रतिनिधिमंडल ने मसानडबरा कमार जनमन आवास मॉडल कॉलोनी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सांकरा सहित अन्य विकास स्थलों का अवलोकन किया। पंचायत में संचालित शासकीय योजनाओं, स्वच्छता व्यवस्था, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित आवासों, आजीविका गतिविधियों तथा आधारभूत सुविधाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। अधिकारियों ने विशेष रूप से स्वच्छता प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और योजनाओं के पारदर्शी संचालन की सराहना की।

अध्ययन दौरे में छत्तीसगढ़, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, मध्यप्रदेश, मिजोरम, महाराष्ट्र एवं राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों के अधिकारी शामिल रहे। उन्होंने पंचायत स्तर पर जनभागीदारी और नवाचारों को प्रेरणादायी बताया। इस अवसर पर सरपंच नगेंद्र बोझा, पूर्व सरपंच शशि ध्रुव, उपसरपंच राजू साहू, सीईओ रोहित बोझा, सचिव मदन सेन सहित पंचगण, जनप्रतिनिधि, अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

# 125 दिन की रोजगार गारंटी से बदलेगी गांवों की तस्वीर : अजय

- कुकरेल मंडल के चार गांवों में विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन पर जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



कुकरेल मंडल के अंतर्गत ग्राम माकरदोना, बनबगौद, चनागांव और केरेगांव में वीबी जी राम जी रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों को 125 दिन रोजगार गारंटी, जल सुरक्षा, ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर विकास एवं आपदा निवारण कार्यों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अजय ध्रुव सभापति जिला पंचायत ने कहा कि विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण क्षेत्र के लिए परिवर्तनकारी पहल है। 125 दिन की रोजगार गारंटी से गांवों में आर्थिक मजबूती आएगी और युवाओं का पलायन रुकेगा। हमारा लक्ष्य है कि प्रत्येक पात्र परिवार को सम्मानजनक रोजगार मिले और गांव आत्मनिर्भर बनें। आगे कहा कि जल सुरक्षा से जुड़े कार्य जैसे तालाब गहरीकरण, वर्षा जल संचयन और नाला सुधार न केवल वर्तमान बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी उपयोगी सिद्ध होंगे। आपदा निवारण कार्यों के माध्यम से गांवों को प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षित बनाने की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने से गांवों में विकास की नई संभावनाएं खुलेंगी। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से अपील की कि वे योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं ताकि हर जरूरतमंद को लाभ मिल सके। इस अवसर पर चंद्रकला साहू जनपद सदस्य, ईश्वरी नेताम जनपद सदस्य, टेलेश्वर ठाकुर पूर्व मंडल अध्यक्ष कुकरेल, माकरदोना के सरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने रोजगार और विकास कार्यों के प्रति उत्साह व्यक्त किया तथा इसे गांवों के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## स्वास्थ्य प्रभारी ने शिवाजी चौक में सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर निगम स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी नीलेश लूनिया ने गुरुवार को शिवाजी चौक स्थित भगवान शिवजी की प्रतिमा के आसपास सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को नियमित सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

निरीक्षण के दौरान शिवाजी चौक के पास पानी निकासी की समस्या को देखते हुए नीलेश ने संबंधित अधिकारियों को नाली निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए स्थायी समाधान आवश्यक है, जिसके लिए जल्द ही नाली निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। आगे कहा कि नगर निगम का उद्देश्य शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता और बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। सफाई व्यवस्था को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी। इस अवसर पर वार्ड पार्षद मेघराज सिंह ठाकुर, स्वास्थ्य अधिकारी कमलेश ठाकुर सहित निगम के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### महाशिवरात्रि पर्व देता है आत्मशुद्धि, संयम और भक्ति का संदेश

**सांकरा।** इस वर्ष भी सांकरा में मानस सम्मेलन का आयोजन 13 से 17 फरवरी तक किया गया है। तृतीय दिवस महाशिवरात्रि के अवसर पर मानस सम्मेलन श्रद्धा, भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम दिखा। मानस सम्मेलन में श्रीराम चरितमानस के मधुर पाठ और भावपूर्ण व्याख्या ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजन मंडलियों ने भगवान शिव और श्रीराम के गुणगान से ऐसा आध्यात्मिक वातावरण निर्मित किया कि श्रोता देर रात तक भक्ति रस में डूबे रहे। रामायणी कथावाचकों ने महाशिवरात्रि के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पर्व आत्मशुद्धि, संयम और भक्ति का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि शिव और राम का संबंध अद्भुत है। शिव स्वयं राम के अनन्य भक्त हैं और राम शिव की महिमा का गान करते हैं। यह मानस सम्मेलन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता का भी संदेश दे गया।

## समिति ने अर्थशास्त्र विभाग की शैक्षणिक गतिविधियों का किया अवलोकन



हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

संत गुरुघासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के एमए अर्थशास्त्र विषय के स्थायी संबद्धता हेतु पं. रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर के प्रो. रविन्द्र ब्रम्हे एवं प्रो. बीएल सोनेकर की समिति द्वारा महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग का निरीक्षण किया गया। समिति के सदस्यों ने विभाग की शैक्षणिक गतिविधियों, पाठ्यक्रम संचालन, पुस्तकालय सुविधाओं एवं कंप्यूटर की उपलब्धता, कक्ष व्यवस्था तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं प्रगति का अवलोकन किया। समिति ने विभाग के शिक्षण प्रक्रिया, शोध कार्य तथा भविष्य की योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की और आवश्यक सुझाव दिए।

विद्यार्थियों के लिए प्रो. रविन्द्र ब्रम्हे का करियर मार्गदर्शन एवं शैक्षणिक संस्थाओं में विद्यार्थियों का महत्व विषय पर व्याख्यान हुआ। इसमें अर्थशास्त्र विषय में उपलब्ध विभिन्न करियर विकल्पों के बारे में जानकारी दी गई, जैसे उच्च शिक्षा (एमए, पीएचडी), यूजीसी नेट, जेआरएफ, सिविल सेवा, बैंकिंग, बीमा, सांख्यिकीय विश्लेषण, डेटा एनालिटिक्स, शोध संस्थानों में अवसर तथा निजी क्षेत्र में रोजगार संभावनाएं।

विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की रणनीति, समय प्रबंधन, कौशल विकास (कंप्यूटर, डेटा विश्लेषण, संचार कौशल) तथा व्यक्तित्व विकास के महत्व के बारे में भी बताया गया। इस व्याख्यान में बीए एवं एमए अर्थशास्त्र के छात्र-छात्राओं के साथ विभाग प्रमुख डॉ. फिरोज सोनवानी एवं पिंटू चेलकर, अतिथि व्याख्याता उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों ने सीखा उद्यमिता कौशल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. व्हीके पाठक के मार्गदर्शन एवं राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. सरला द्विवेदी के निर्देशन में मिनी स्टार्टअप एग्जीबिशन कम्पिटिशन तथा कल्चरल कंजर्वेशन कुजीन ऑफ छत्तीसगढ़ विषय पर एक दिवसीय शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में उद्यमिता कौशल, नवाचार क्षमता और स्थानीय सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करना था।

विद्यार्थियों ने अभिनव स्टार्टअप मॉडल प्रस्तुत किए और छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व्यंजनों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई। प्रतियोगिता में मिनी स्टार्टअप एग्जीबिशन में घनेश्वरी प्रथम, हर्षिता साहू द्वितीय एवं गुंजन साहू तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं कुजीन ऑफ छत्तीसगढ़ में एकता देवांगन प्रथम, लव कुमार द्वितीय और गोपेश कुमार तृतीय रहे।

निर्णायक डॉ. चंद्रिका साहू, डॉ. हेमवती ठाकुर, श्रीमती ग्रेस कुजूर, श्रीमती रीता लकरा, श्रीमती जयश्री पंचाजम, डॉ. तामेश्वरी साहू एवं श्रीमती नीता मित्तल थी। इस अवसर पर विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सरला द्विवेदी, डॉ. पल्लवी महतो, भूपेंद्र साहू तथा श्रीमती निशा तिवारी सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# महाशिवरात्रि पर हुआ दिव्य शिव महायज्ञ एवं पितृ दोष निवारण अनुष्ठान

- यह पर्व शिव तत्व को स्वयं में उतारने का अवसर है : पं.ज्ञानेश्वर महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



महाशिवरात्रि के अवसर पर श्री लक्ष्मीनारायण सेवा समिति संबलपुर के तत्वावधान में दिव्य अनुष्ठान का आयोजन किया गया। संबलपुर स्थित श्री ज्ञानेश्वर महाराज के निवास स्थान पर आयोजित इस कार्यक्रम में नांदी मुख श्राद्ध, पितृ दोष निवारण एवं विशाल शिव महायज्ञ हुआ।

इस दिव्य आयोजन का मुख्य उद्देश्य शिव भक्ति के माध्यम से आत्मिक शांति और पितृ ऋण से मुक्ति प्राप्त करना था। इस आयोजन की मुख्य विशेषता नादी मुख श्राद्ध एवं तर्पण थी। अनुष्ठान के मार्गदर्शक ज्ञानेश्वर महाराज (दीर्घकालीन साधना एवं आध्यात्मिक अनुभूति से सिद्ध) ने भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि महाशिवरात्रि केवल उपवास का दिन नहीं, बल्कि शिव तत्व को स्वयं में उतारने का अवसर है। उन्होंने पितृ दोष निवारण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब तक हम अपनी जड़ों यानी अपने पूर्वजों को तृप्त नहीं करते, तब तक जीवन में पूर्ण सुख-समृद्धि का आगमन संभव नहीं है। नांदी मुख श्राद्ध के माध्यम से हम अपने पितरों की अधूरी इच्छाओं की शांति कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं, जिससे परिवार में क्लेश, बाधा और ऋण का नाश होता है।

आयोजन समिति के अध्यक्ष महावीर सिन्हा ने बताया कि इस अनुष्ठान का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक चेतना जगाना और सनातन परंपराओं का संरक्षण करना है। यज्ञ में विशेष रूप से बेलपत्र, बेलफल, जौ, काला तिल, शक्कर आदि के दिव्य मिश्रण की आहुतियां दी गईं, जो शास्त्रों के अनुसार असाध्य रोगों के नाश और ऐश्वर्य प्राप्ति का अमोघ साधन है। शिव महायज्ञ में दूध, दही, गंगाजल, शहद, संतरा रस, मौसंबी रस, गन्ना रस, अनार रस, आम रस, बेलपत्र, कुशा जल तथा इत्र आदि पवित्र सामग्रियों से भगवान शिव का रुद्राभिषेक एवं महाभिषेक सम्पन्न किया जो इन पावन द्रव्यों से अभिषेक करने का विशेष आध्यात्मिक एवं धार्मिक महत्व है।

समिति के संरक्षक अशोक गुप्ता के कहा कि महाशिवरात्रि केवल एक पर्व नहीं, बल्कि शिव और शक्ति के मिलन की रात्रि है। इस बार हमने पितृ-ऋण और देव-ऋण दोनों को केंद्र में रखा। जब तक हमारे पूर्वज तृप्त नहीं होते, तब तक देव कृपा पूर्णतः फलित नहीं होती। इस अनुष्ठान का उद्देश्य समाज के हर व्यक्ति को उसके मूल संस्कारों से जोड़ना है। अनुष्ठान के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जहां अनेक भक्तों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। इस आयोजन में संरक्षक श्रीमती दुर्गेश नंदनी यादव एवं अशोक गुप्ता, अध्यक्ष महावीर सिन्हा, कार्यकारी अध्यक्ष देवेंद्र साहू, उपाध्यक्ष चंद्रशेखर सिन्हा व प्रमोद शर्मा,सचिव श्रीमती बरखा साहू, कोषाध्यक्ष दुष्यंत कुमार, कार्यक्रम संयोजक सुश्री दीपिका देवांगन, सहसचिव नीरज सोनी, उपकोषाध्यक्ष श्रीमती ममता पटेल, मीडिया प्रभारी डुमन लाल ध्रुव एवं श्री विकास साहू, सलाहकार पुलकित सिन्हा, कार्यकारिणी सदस्य मनसुख साहू, मीना बाबर, विनोदिनी यादव एवं शिल्पा मानिकपुरी की प्रमुख भूमिका रही। आयोजन समिति ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी भक्तों एवं सेवादारों का आभार व्यक्त किया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### तर्रागोंदी के गोविन्द का सीआरपीएफ में चयन



**धमतरी।** ग्राम तर्रागोंदी निवासी गोविन्द साहू पिता कमलेश साहू का सीआरपीएफ में चयन हुआ है। इनके सेना में चयन होने पर अरुण साहू अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ जिला साहू संघ धमतरी समेत अनेक लोगों ने हर्ष जताया है।

### न्यूरो सर्जन डॉ. हेमंत ने की कलेक्टर से मुलाकात



**धमतरी।** जिले के रुद्री गांव निवासी न्यूरो सर्जन डॉ. हेमंत साहू ने कलेक्टर अबिनाश मिश्रा से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने डॉ. साहू को उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मुलाकात के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने डॉ. साहू से उनकी शिक्षा, प्रशिक्षण एवं आगामी योजनाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि जिले के युवाओं की ऐसी उपलब्धियां पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायी हैं। कलेक्टर श्री मिश्रा ने आश्वस्त किया कि भविष्य में यदि किसी भी प्रकार के प्रशासनिक या अन्य सहयोग की आवश्यकता हो, तो जिला प्रशासन हरसंभव सहायता प्रदान करेगा। डॉ. हेमंत साहू ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए समाज और जिले के विकास में योगदान देने की इच्छा व्यक्त की।

### दीपक तीसरी बार कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष बने

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी संघ के प्रदेश प्रवक्ता दीपक शर्मा को तीसरी बार धमतरी जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राजधानी रायपुर में आयोजित प्रांतीय बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में प्रदेश के कर्मचारियों के 16 माह के लंबित डीए एवं एरियर्स दिलाने की रणनीति पर भी चर्चा हुई।



प्रांतीय अध्यक्ष जी.पी. बुधोलिया सहित अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में दीपक शर्मा प्रधानपाठक शासकीय माध्यमिक शाला जालमपुर को वर्ष 2026-27 तक निर्विरोध मनोनयन पत्र प्रदान किया गया। उनकी सक्रियता, कर्मठता और संघ के प्रति समर्पण को नियुक्ति का आधार बताया गया। दीपक शर्मा वर्तमान में कर्मचारी अधिकारी महासंघ एवं संयुक्त मोर्चा के जिला संयोजक भी हैं। उनके पुनः जिला अध्यक्ष बनने पर ब्राह्मण समाज, कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों और शहर के गणमान्य नागरिकों ने हर्ष जताया है।

### डेमेन्द्र ने संस्कृति ज्ञान परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

**नगरी।** शासकीय प्राथमिक शाला संबलपुर के छात्र डेमेंद्र कुमार सोम पिता संदीप कुमार सोम ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर शाला और गांव का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर सरपंच सोमनाथ सोम, मनिहार नाग, प्रधानपाठिका श्रीमती उमेश्वर साहू, हेमिन गंजीर, श्रीमती सपना लोन्हारे, नूतन कश्यप, अन्नपूर्णा नाग ने हर्ष जताया है।

गौ हत्या बंद करने और पर्यावरण बचाने पेड़ लगाने का दिया संदेश

# शिवाजी महाराज की जयंती पर निकली शोभायात्रा, समाज में उल्लास

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

हिंदवी स्वराज्य के संस्थापक, राष्ट्रनायक छत्रपति शिवाजी महाराज की 397वीं जयंती के अवसर पर नगर ऐतिहासिक उत्साह, भक्ति और राष्ट्रभाव से सराबोर हो उठा। मराठा समाज द्वारा आयोजित दो दिवसीय समारोह में हजारों श्रद्धालुओं की भागीदारी रही। शहर के प्रमुख मार्गों पर निकली शोभायात्रा और बाइक रैली ने वातावरण को शिवमय कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ 18 फरवरी बुधवार को प्रातः 8 बजे भवन प्रांगण में स्वच्छता अभियान से हुआ। इसके बाद दोपहर 12 बजे रूद्री स्थित मूकबधिर (दिव्यांग) शाला पहुंचकर सहयोग प्रदान किया गया, जिससे समाजसेवा का संदेश दिया गया।

19 फरवरी गुरुवार को प्रातः 6:30 बजे मां तुलजा भवानी मंदिर में महाराज का अभिषेक किया गया। तत्पश्चात सुबह 8 बजे मंदिर परिसर में शिवाजी जन्मोत्सव मनाया गया।

सुबह 9 बजे मराठा मंगल भवन से मोटर साइकिल रैली निकली, जो मां विंध्यवासिनी मंदिर, गोकुलपुर, लक्ष्मी निवास, रुद्री रोड, अंबेडकर चौक, बस्तर रोड, रत्नाबांधा चौक, घड़ी चौक, रायपुर रोड, सिहावा चौक, मां दुर्गा मंदिर बठेना पावर हाउस होते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर रैली का स्वागत किया।

दोपहर 3 बजे मराठा मंगल भवन से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा मां तुलजा भवानी मंदिर पहुंची। यहा महाआरती के बाद शोभायात्रा तहसील कार्यालय, शिव चौक, विमल टॉकीज रोड, छत्रपति शिवाजी चौक, शास्त्री चौक, कचहरी चौक, गणेश चौक होते हुए पुनः मंगल भवन लौटी।

रत्नाबांधा स्थित शिवाजी चौक में महाराज का अभिषेक, जन्मोत्सव, आतिशबाजी, मिठाई वितरण और फूलों की वर्षा की गई। जय शिवाजी, जय भवानी के गगनभेदी नारों से पूरा शहर गुंजायमान रहा। शाम को 6:30 बजे अतिथि परिचय के साथ मंचीय कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। रात 9 बजे मुख्य समारोह एवं प्रतिभावान सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसके बाद स्नेह भोज हुआ। कार्यक्रम मराठा मंगल भवन में हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निलेश महादेव क्षीरसागर कलेक्टर जिला कांकेर रहे। विशिष्ट अतिथि श्रीकृष्ण जाधव डीएफओ एवं मुख्य वक्ता आनंद पवार अध्यक्ष विन्ध्यवासिनी मंदिर ट्रस्ट धमतरी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दीपक लोंढे अध्यक्ष मराठा समाज धमतरी ने की।

मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश जाधव, कनिष्ठ उपाध्यक्ष शक्तिमान बाबर, कोषाध्यक्ष महेन्द्र गायकवाड़, सचिव सौरभ रणसिंह, महासचिव अशोक कावड़े, सहसचिव आशीष थिटे, कार्यकारिणी सदस्य नरेन्द्र शिन्दे, शिवाजी राव भोसले, सुनील घाटगे, कमलेश पवार, प्रकाश पवार, धर्मेन्द्र पवार, पवन जाधव, सुशील पवार, किशोर गायकवाड़, सतीश पवार पार्षद, विनोद जाधव, विक्रांत पवार, दुष्यंत निम्बाडकर, नवीन जाचक, गौरव मगर, श्रीमती ज्योति रणसिंह, श्रीमती श्रीलेखा जाधव, श्रीमती वर्षा रणसिंह, गणेशराव पवार, सूर्याराव जी पवार, माधवराव पवार, गोपालराव रणसिंह, विनोदराव लोंढे, श्रीमती रेखा ताई पवार, जीजा माता महिला मंडल धमतरी की अध्यक्ष श्रीमती ममता बाबर, श्रीमती निरूपमा भाण्डुलकर, श्रीमती ममता पवार, श्रीमती किरण होल्कर, श्रीमती संगीता मगर, श्रीमती रश्मि पवार, श्रीमती रजनी जगताप, मराठा युवा शक्ति के अध्यक्ष सुशांत पवार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिषेक जगताप, कोषाध्यक्ष शिवांश रणसिंह, सचिव विप्लव रणसिंह, सहसचिव अंकुश जगताप, विजयंत रणसिंह, शुभम कृदत्त, जतिन कृदत्त, मृदुल नन्नावरे, गगन जाधव, प्रेम सालुंके, सागर पवार, भोंसले, अशोक पवार, राजवंश पवार, डॉ. रविकिरण शिंदे, अवयुक्त शिंदे, बाबी पवार, सौरभ पवार, गोपालराव रणसिंह, श्रीमती नीता रणसिंह, अधिराज गायकवाड़, विशाल रणसिंह, शायुरी रणसिंह, दुष्यंत राव घोरपड़े, बालाजीराव कावड़े, अशोक कावड़े, गौरव मगर, प्रियतोश जाधव, प्रशांत जाधव, प्रवीण जाधव, राहुल जाधव, श्रीधर जाधव, विशाल जाधव, प्रियांश जाधव, साहेबराव जाधव, राकेश रणसिंह, महेंद्र गायकवाड़ सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे। समारोह के दौरान गौ हत्या बंद हो और पर्यावरण बचाने पेड़ लगाएं जैसे सामाजिक संदेश भी दिए गए।



मां तुलजा भवानी मंदिर में महाराज जी का हुआ अभिषेक, हुई महाआरती









## भाजपा के नवीन पदाधिकारियों ने महापौर से की मुलाकात



**धमतरी।** भाजपा के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने महापौर रामू रोहरा से भेंटकर संगठनात्मक विषयों एवं शहर के विकास कार्यों पर चर्चा की। मुलाकात के दौरान जिला महामंत्री महेंद्र पण्डित, सभापति कौशल्या देवांगन, आशा लोधी अविनाश दुबे, मिथलेश सिन्हा जिला उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा, रूक्मणी सोनकर जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा, संगीता जगताप जिला कोषाध्यक्ष महिला मोर्चा, डाली सोनी जिला मीडिया प्रभारी महिला मोर्चा, ईश्वरी पटवा महिला मोर्चा, पूजा कुंजाम मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा शहर, प्रकाश लहरे मंडल अध्यक्ष,एससी मोर्चा शहर तथा संतोष मडामे मंडल अध्यक्ष, एससी मोर्चा आमदी थे। पदाधिकारियों ने संगठन में नई जिम्मेदारी मिलने पर महापौर का आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर महापौर श्री रोहरा ने कहा कि संगठन की मजबूती और जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भागीदारी से ही पार्टी का आधार और सशक्त होगा। उन्होंने शहर के विकास, स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं जनकल्याण से जुड़े कार्यों में संगठन के सहयोग की अपेक्षा भी व्यक्त की।

## जिलेभर के होटल, लॉज व ढाबे की हुई सुरक्षा जांच

- सभी थाना क्षेत्र में एक साथ चलाया गया चेकिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले के सभी थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा एकसाथ चेकिंग अभियान चलाकर होटल, ढाबा व लाज की सघन जांच कर संचालकों को आवश्यक निर्देश दिया गया।



जिले में कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने व अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण स्थापित करने तथा हाल के दिनों में प्राप्त संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना एवं चोरी घटनाओं को मद्देनजर रखते हुए पुलिस अधीक्षक सूरजसिंह परिहार के निर्देश पर आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले के समस्त थाना क्षेत्र में एक साथ होटल, लाज व ढाबे की चेकिंग की गई। इस दौरान पुलिस टीम ने होटल एवं लाज संचालकों की आंगतुक पंजी, रजिस्टर का गहन निरीक्षण कर ठहरे हुए व्यक्तियों के पहचान पत्र का सत्यापन किया। इस दौरान संदिग्ध प्रतीत होने वाले व्यक्तियों से पूछताछ कर आवश्यक जानकारी एकत्रित की गई तथा उनकी गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी गई। इसके अतिरिक्त होटल व ढाबा में विशेष रूप से की गई जांच में देखा गया कि कहीं अवैध रूप से शराब परोसना अथवा सेवन तो नहीं कराया जा रहा है। पुलिस की सघन जांच एवं निगरानी अभियान लगातार जारी रहेगा जिससे जिले में शांति, सुरक्षा एवं अनुशासन कायम रखा जा सकेगा। वहीं आसामाजिक तत्वों पर भी प्रभावी अंकुश लगाया जा सकेगा।

**पुलिस की चेतावनी**

धमतरी पुलिस ने चेतावनी दी है कि बिना वैधानिक अनुमति के शराब परोसना दंडनीय अपराध है। ऐसे मामलों में संबंधित के विरूद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं संचालकों को निर्देशित किया गया कि सभी नियमों का कड़ाई से पालन करे, प्रत्येक आगंतुक का वैध पहचान पत्र दर्ज करें। सीसी टीवी कैमरा सक्रिय रखें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा चोरी की आशंका की सूचना तत्काल संबंधित थाना को दें।

## कलेक्टर ने 500 सीटर नालंदा परिसर स्थल का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने धमतरी शहर के हटकेश्वर वार्ड में प्रस्तावित 500 सीटर नालंदा परिसर का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को सभी जरूरी प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने भूमि की उपलब्धता बजट एवं निविदा प्रक्रिया संबंधी जानकारी भी अधिकारियों से ली। अधिकारियों ने बताया कि लगभग 11 करोड़ 22 लाख रुपये की लागत से 0.60 हेक्टेयर भूमि पर बहुमंजिला नालंदा परिसर का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि पूर्व स्वीकृत 250 सीटर भवन को बढ़ाकर 500 सीटर किया गया है। परिसर में ई-लाइब्रेरी, वाई-फाई, वातानुकूलित अध्ययन कक्ष, लिफ्ट, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था एवं आधुनिक सुरक्षा सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु उत्कृष्ट अध्ययन वातावरण मिलेगा। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्रीमती प्रिया गोयल, अभियंता श्री जगत के अलावा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## बेलरगांव में मेला स्थल के पास फैली गंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम पंचायत बेलरगांव में फागुन माह का पारंपरिक मड़ई मेला 26 फरवरी को होगा। मेला को लेकर जहां ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है, वहीं मेला स्थल के आसपास फैली गंदगी और अव्यवस्था ने स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ा दी है।



मेला स्थल एवं तालाब के किनारे कचरे के ढेर, प्लास्टिक सामग्री तथा अन्य अपशिष्ट खुले में बिखरे दिखाई दे रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इससे न केवल गांव की छवि प्रभावित होती है, बल्कि स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की आशंका भी बनी रहती है। तालाब के आसपास फैली गंदगी से दुर्गंध फैल रही है और जलस्रोत के प्रदूषित होने की संभावना जताई जा रही है।

ग्रामीणों के अनुसार, मड़ई मेला क्षेत्र का प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन है, जिसमें दूर-दराज से श्रद्धालु, व्यापारी एवं आमजन बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। ऐसे में पूर्व तैयारी के तहत व्यापक साफ-सफाई, कचरा निस्तारण तथा स्वच्छता प्रबंधन आवश्यक है।

स्थानीय नागरिकों ने संबंधित पंचायत एवं प्रशासन से मांग की है कि मेला प्रारंभ होने से पूर्व विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाए, नियमित कचरा उठाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा अस्थायी शौचालय एवं पर्याप्त कूड़ेदान की व्यवस्था की जाए, ताकि आगंतुकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण मिल सके। ग्रामीणों ने आशा व्यक्त की है कि जिम्मेदार विभाग इस विषय को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र आवश्यक कदम उठाएंगे, जिससे मड़ई मेले का आयोजन स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

## मुजगहन में 11 गर्भवती महिलाओं का हुआ पुंसवन संस्कार

- धर्मग्रंथों में 16 प्रकार के संस्कार की व्यवस्था है : नाग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गायत्री परिवार के आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी अभियान अंतर्गत ग्राम मुजगहन की 11 गर्भवती महिलाओं का धुनादास मंदिर प्रांगण स्थित गायत्री मंदिर में गायत्री महिला मण्डल के प्रशिक्षित आचार्यों द्वारा सामूहिक पुंसवन संस्कार कराया गया। इस अवसर पर गायत्री परिवार के जिला समन्वयक दिलीप नाग ने बताया कि हमारे धर्मग्रंथों में 16 प्रकार के संस्कार की व्यवस्था है जिसमें



पुंसवन संस्कार एक है। जब मां के गर्भ में बच्चा तीन माह का स्थापित हो जाता है तो गर्भस्थ शिशु को चरित्रवान, ज्ञानवान, प्रतिभावान बनाने यह संस्कार किया जाता है। गर्भवती महिलाओं श्रीमती निर्मला साहू, देविका खिलेश्वर साहू, भावना साहू, वैभवलक्ष्मी साहू, लीलेश्वरी मण्डावी, देविका साहू, जीतेश्वरी साहू, गंगा ध्रुव, चित्रकला साहू, पार्वती साहू, वन्दना साहू को गुरुदेव का साहित्य, श्रृंगार सामग्री एवं साड़ी भेंटकर सम्मान किया गया।

इस आयोजन में तेजेश्वरी साहू, टेमेश्वरी साहू, राधिका साहू, डामिन नाग, रजन गंगवंशी, चित्रलेखा सिन्हा, प्रज्ञा मण्डल के अध्यक्ष भागवत सिन्हा, उपाध्यक्ष लालाराम साहू, पुनवाराम साहू, सचिव होमेश्वर साहू का योगदान रहा।

## श्री श्याम मंदिर में 26 से फागुन उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के प्रमुख धार्मिक स्थल श्री श्याम मंदिर धमतरी में 26 से 28 फरवरी तक त्रि-दिवसीय फागुन उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत और फूलों से सजाया जा रहा है, वहीं भक्ति कार्यक्रमों की तैयारियां भी जोर-शोर से चल रही हैं। फागुन के इस विशेष पर्व पर पूरा धमतरी शहर बाबा श्याम की भक्ति में रंगने वाला है।

**श्याम भजन संध्या** उत्सव के प्रथम दिवस 26 फरवरी को दोपहर 3 बजे से भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा में बैण्ड-बाजा, भजन मंडली और सैकड़ों श्रद्धालु शामिल होंगे। पूरा मार्ग जय श्री श्याम के जयकारों से गूंज उठेगा।

यात्रा के पश्चात मंदिर परिसर में श्याम रसोई प्रसाद का वितरण किया जाएगा। संध्या में भव्य श्याम भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें भक्तजन भक्ति रस में सराबोर होंगे।

**बाबा का अलौकिक श्रृंगार और छप्पन भोग**

उत्सव के दूसरे दिन 27 फरवरी को बाबा का अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा। आकर्षक फूलों और विशेष परिधानों से सुसज्जित बाबा के दर्शन भक्तों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे। इस अवसर पर छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा। रात्रि 8 बजे से भव्य भजन संध्या प्रारंभ होगी। कार्यक्रम के उपरांत श्रद्धालुओं को श्याम खिचड़ी प्रसाद एवं स्वल्पाहार वितरित किया जाएगा।

अंतिम दिन 28 फरवरी को दोपहर 3 बजे से श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का आयोजन किया जाएगा। वातावरण वेदमंत्रों और भक्ति गीतों से भक्तिमय हो उठेगा। इसके पश्चात श्याम रसोई प्रसाद की व्यवस्था रहेगी। आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां अपने अंतिम चरण पर हैं।







